जी0ए0डी0–सी(पी.ए)डी(7)–2/2009– ।।।
हिमाचल प्रदेश सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग
(संसदीय कार्य विभाग)

प्रेषकः

वीरभद्र सिंह,
मुख्य मन्त्री,
हिमाचल प्रदेश।

प्रेषितः

सचिव,
हिमाचल प्रदेश विधान सभा,
शिमला–171004 ।

दिनांकः शिमला–171002, 20 अगस्त, 2015 ।

विषयः **बारहवीं विधान सभा के नवम् सत्र के दौरान शोकोद्गार ।**

महोदय,

मैं, स्वर्गीय डा0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति, स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह नेगी, पूर्व विधायक एवं स्वर्गीय श्री बज़ीर चन्द, पूर्व विधायक, जिनका देहान्त पूर्व सत्र की अन्तिम बैठक के बाद हुआ है, का जीवन परिचय विधान सभा के आगामी सत्र में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु संलग्न कर रहा हूँ।

संलग्न– उपरोक्त

भवदीय,

(वीरभद्र सिंह),
मुख्य मन्त्री,
हिमाचल प्रदेश।

स्वर्गीय डॉक्टर ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति का जीवन परिचय

1. नामः	स्वर्गीय डॉक्टर अबुल पाकिर जैनुलाबदीन अब्दुल कलाम ।
2 आयुः	83 वर्ष ।
3. जन्म तिथिः	15.10.1931 ।
4. जन्म स्थानः	रामेश्वरम, जिला रमानाथपुरम, तमिलनाडु ।
5. शिक्षाः	स्वर्गीय अब्दुल कलाम ने वर्ष 1958 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्लोलजी से अंतरिक्ष विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।
6. कियाकलापः	इन्होंने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यकम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में अपना अमूल्य योगदान दिया। वर्ष 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार वर्ष 1998 में भारत के पोखरण परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई।

7. राजनैतिक जीवनः स्वर्गीय कलाम वर्ष 2002 में भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति चुने गए। पांच वर्ष की सेवा अवधि के बाद, वह शिक्षा, लेखन और सार्वजनिक सेवा के अपने नागरिक जीवन में लौट आए।

8. उपलब्धियॉः स्वर्गीय डाक्टर अब्दुल कलाम जुलाई 1992 में भारतीय रक्षा मंत्रालय में वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त हुए। अग्नि मिसाइल और पृथ्वी मिसाइल का सफल परीक्षण का श्रेय उन्हीं को जाता है। उनकी देखरेख में भारत ने वर्ष 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और परमाणु शक्ति वाले देशों की सूची में शामिल हुआ।

9. पुरस्कार एव सम्मानः डाक्टर कलाम के 79वें जन्मदिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया गया था। उनके द्वारा इसरो और डी आर डी ओ में कार्यों के दौरान वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए तथा भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 1981 में पद्म भूषण और वर्ष 1990 में पद्म विभूषण का सम्मान प्रदान किया गया। वर्ष 1997 में इनको भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया जो उनके

... 3 ...

वैज्ञानिक अनुसंधानों और भारत में तकनीकी के विकास में अभूतपूर्व योगदान हेतु दिया गया था।

10. निधनः इनका निधन दिनांक 27 जुलाई, 2015 को भारतीय प्रबन्धन संस्थान शिलॉग, मेघालय में व्याख्यान के दौरान हृदय गति रूकने के कारण हुआ।

....

स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह नेगी, पूर्व विधायक का जीवन परिचय

1.	नामः	स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह नेगी ।
2.	आयुः	87 वर्ष ।
3.	जन्म तिथिः	27.12.1927 ।
4.	जन्म स्थानः	गांव सुन्नम, तहसील पूह, जिला किन्नौर, हिमाचल प्रदेश।
5.	शिक्षाः	बी0ए0, एल0एल0बी0 ।
6.	सन्तानः	तीन पुत्र व तीन पुत्रियां जिनमें से उनके पुत्र श्री जगत सिंह नेगी वर्तमान में विधायक जनजातीय क्षेत्र किन्नौर व हिमाचल प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष के पद पर आसीन हैं।
7	राजनीतिक जीवनः	स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह नेगी वर्ष 1951 से जिला किन्नौर के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे दस वर्ष तक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व 8 वर्ष तक जिला कांग्रेस कमेटी किन्नौर के महासचिव रहे। वे वर्ष 1957 से 1962 तक

... 2 ...

पांच वर्ष के लिए **State Territorial Council** के सदस्य रहे व वर्ष 1962 से 1967 तक **State Legislative Council** के लिए पुनः निर्वाचित हुए। वे बी0डी0सी0 निचार, कल्पा व पूह के अध्यक्ष तथा **Dr. Y.S. Parmar University of Forestry and Horticulture Nauni** के प्रधान परिषद के सदस्य भी रहे। इसके अतिरिक्त वे हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे व हि0प्र0 जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे।

8. सामाजिक जीवनः स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह नेगी उन चुनिन्दा बागवानों में से एक थे जिन्होंने किन्नौर जिला में सेब की बागवानी के लिए लोगों को प्रेरित किया।

9. मृत्युः इनका निधन दिनांक 04.06.2015 को हुआ।

....

स्वर्गीय श्री बज़ीर चन्द, पूर्व विधायक का जीवन परिचय

1. नामः स्वर्गीय श्री बज़ीर चन्द ।

2. आयुः 82 वर्ष ।

3. जन्म तिथिः 18.10.1932 ।

4. जन्म स्थानः गांव खजूरनू, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ।

5. शिक्षाः दसवीं उतीर्ण।

6. सन्तानः तीन पुत्र व एक पुत्री जिसमें एक पुत्र का देहान्त हो चुका है।

7 राजनीतिक जीवनः स्वर्गीय श्री बज़ीर चन्द वर्ष 1967 में हिमाचल प्रदेश विधान सभा के लिए चुने गए। तत्पश्चात् वर्ष 1972 में पुनः निर्वाचित हुए।

8. सामाजिक जीवनः स्वर्गीय श्री बज़ीर चन्द ने ग्राम विकास योजनाओं में विशेष रूचि ली। ग्रामों में अल्प बचत और परिवार नियोजन योजनाओं को लोकप्रिय बनाने में सहायता की।

9. विशेष रूचिः ग्राम विकास, बागवानी और फलोत्पादन।

10. मृत्युः इनका निधन दिनांक 29.07.2015 को हुआ।

....